

# पीएम एक्सीलेंस कॉलेज के सवा 9 करोड़ पर टिकी निगाहें

## अधोसंरचना विकास के तहत मरम्मत, नवीनीकरण अन्य विविध निर्माण एवं विकास कार्यों के लिए मिली है स्वीकृति

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 नवम्बर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न में अधोसंरचना विकास के अंतर्गत मरम्मत, नवीनीकरण समेत अन्य कार्यो के लिए म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय ने करीब 9 करोड़ 26 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। जहां प्राचार्य समेत अन्य की इस भारी भरकम रकम पर निगाहें टिकी हुई हैं।**

जानकारी के अनुसार म.प्र. शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के द्वारा पिछले माह वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न में अधोसंरचना विकास अंतर्गत मौजूदा ईमारत में 8 कक्षाओं, 12 प्रयोगशालाओं (कंप्यूटर, कौशल, भाषा और अन्य), पुस्तकालय और परीक्षा हॉल




(जी+1) के साथ नया विज्ञान ब्लॉक के साथ-साथ अन्य स्थानों के विकास के लिए समतलीकरण, जल निकासी, जल निकासी नाला, अग्नि सुरक्षा, पार्किंग, रास्ते, एसटीपी, एससी सड़क, भू-निर्माण एवं अन्य कार्य के लिए करीब 9 करोड़ 26 लाख 94 हजार रूपये की मंजूरी के साथ-साथ पिछले महीने में प्रशासकीय स्वीकृति भी प्रदान कर दी गई है। सूत्र बताते हैं कि उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा अधोसंरचना विकास अंतर्गत सवा 9 करोड़ रूपये की मंजूरी मिलते ही प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न के प्राचार्य के भी निगाहें टिक गई हैं। हालांकि उक्त निर्माण कार्यो की निर्माण एजेंसी, बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन रहेगी। निर्माण कार्य प्रारंभ करने के पूर्व निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य के डिजाईन, कार्यो में शामिल निर्माण आईटम्स उनकी क्षमता साइज आदि से महाविद्यालय को अवगत कराया जाएगा एवं निर्माण कार्य की डिजाईन महाविद्यालय को दी जाएगी। हालांकि सूत्र यह भी बता रहे हैं कि अन्य छोटे-छोटे कार्य महाविद्यालय प्रबंधन ही कराएगा। जहां यहां बताते चले कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बैढ़न के प्राचार्य पर पूर्व में कई गंभीर आरोप लग चुका है। उनका तबादला भी हुआ है, परंतु अधिकारियों को गुमराह करते हुये सिंगरौली का मोहभंग नही कर पा रहे हैं। इसके पीछे असली कारण क्या है, इसे तो वह खुद ही बताएंगे। लेकिन प्राचार्य का कारनामा किसी से छुपा नही है। वह जगजाहिर है। अब उक्त 9 करोड़ 26 लाख रूपये पर निगाहें टिकी हुई हैं।

### फर्नीचरों के खरीदी में घालमेल, कई फर्नीचर क्षतिग्रस्त

चितरंगी महाविद्यालय में गत वर्ष लाखों रूपये की लागत से फर्नीचर का क्रय कराया गया था, लेकिन बताया जा रहा है कि कई फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गये हैं। हालांकि यह खरीदी लीड प्राचार्य डिग्री कॉलेज बैढ़न के देखरेख में हुआ था। हालांकि महाविद्यालय प्रबंधन की मंशा है कि यह बात बाहर ना आये, लेकिन महाविद्यालय के कई छात्रों ने ही धीरे-धीरे सामग्री खरीदी में हुये घालमेल का पोल खुलने लगे हैं। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि इसी तरह का खेल अन्य महाविद्यालयों में हो सकता है, हालांकि यह सब जांच के बाद ही पता चलेगा कि इन आरोपो में कितना दम है या फिर महाविद्यालय को बदनाम करने की साजिश हो सकती है। परंतु यह भी चर्चा है कि जिस तरीके से महाविद्यालय प्रबंधन कामकाज है। ऐसे में तरह-तरह के सवाल उठना लाजमी है।

### फर्नीचर एवं स्पोर्ट्स क्रय की निविदा से खुली थी पोल

डिग्री कॉलेज बैढ़न में पिछले माह प्राचार्य के द्वारा जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में फर्नीचर एवं स्पोर्ट्स समेत अन्य महाविद्यालयीन सामग्री क्रय के लिए निविदा आमंत्रित की गई थी। जहां आरोप है कि प्राचार्य ने अपने चहेते पुराने यार को निविदा दिलाने के लिए ऐसी शर्ते रख दिया था कि दूसरा कोई दुकानदार शर्तो के पात्रता से बाहर होने जैसा था। यह सामग्री खनिज प्रतिष्ठान मद से क्रय की जानी थी और तत्कालीन कलेक्टर चन्द्रशेखर शुक्ला ने ऑख बंद कर लाखों रूपये मंजूर भी कर दिया था। लेकिन मामला जैसे ही उजागर हुआ, वर्तमान कलेक्टर गौरव बैनल ने उक्त निविदा को निरस्त करने के लिए कहा, प्राचार्य ने उक्त निविदा को निरस्त कर दिया है। निविदा निरस्त होते ही प्राचार्य के कामकाज एवं ढोल का पोल खुलने पर लोगबाग कई तरह के आरोप लगाने लगे हैं। हालांकि इस मामले में छात्र संगठनों की चुप्पी कई सवाल को जन्म दे रहा है।



# बेचने जा रहे प्रौढ़ से 10 किलो गांजा बरामद

## निवास पुलिस चौकी की बड़ी कार्रवाई, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 नवम्बर। निवास चौकी पुलिस ने हर्री रेलवे पुल के पास घेराबंदी करते हुये एक प्रौढ़ व्यक्ति के कब्जे से 10 किलो गांजा बरामद करने में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने गांजा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

निवास चौकी प्रभारी प्रियंका सिंह बघेल को मुखबिरों के जरिये सूचना मिली कि हर्री रेलवे पुल के पास एक व्यक्ति गांजा लेकर बेचने की फिराक में खड़ा है। एसपी एवं एसडीओपी को अवगत कराते हुये चौकी प्रभारी ने टीम के साथ स्थल पहुंच घेराबंदी करते हुये रामसम्राट साहू पिता रामप्रसाद साहू उम्र 43 वर्ष निवासी बंजारी को हिरासत में लेकर तलासी ली गई। जहां आरोपी के कब्जे से 10 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसकी अनुमानित कीमत सवा लाख रूपये है। उक्त कार्रवाई में चौकी प्रभारी के अलावा आर अमरजीत पाल, ज्ञानेन्द्र सिंह, ब्रजेश पाण्डेय सहित अन्य पुलिसकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक नजर में

### एसडीएम देवसर ने एसआईआर कार्यो का किया निरीक्षण



**सिंगरौली।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव बैनल के निर्देशानुसार जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं के विशेष गहन पुनिरीक्षण का कार्य जारी है। कार्य के प्रगति के लिए आकास्मिक निरीक्षण एसडीएम एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी देवसर अखिलेश सिंह द्वारा देवसर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केन्द्रो का भ्रमण का एसआईआर कार्यो में संलग्न बीएलओ के गणना पत्रको के विवरण तथा गणना पत्र वापस प्राप्त कर अपलोड करने की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार बरगवां नागेश्वर पनिका, मास्टर ट्रेनर अरूण चतुर्वेदी मौजूद रहे।

### लिखित आश्वासन पर बेमियादी हड़ताल स्थगित



**सरई।** गजराबहरा क्षेत्र कोलयार्ड व कोल माइंस कंपनियों के दमनकारी नीतियों के विरोध में क्षेत्रीय लोगों ने ओबीसी महासंघ के तत्वाधान में संस्थापक अध्यक्ष सुनील कुमार जायसवाल के नेतृत्व में हिरदन सिंह सरपंच गजराबहरा अध्यक्षता में 13 नवम्बर से अनिश्चितकालीन आमरण अनशन हड़ताल कर रहे थे। तीसरे दिन रात 10 बजे तहसीलदार सरई चन्दशेखर मिश्रा, थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भदौरिया, उपेन्द्र शुक्ला मुख्य प्रबंधक डीटीसी कम्पनी की उपस्थिति में 60 दिनों के लिए लिखित आश्वासन देते हुये समाप्त कराया।




# पुलिस टीम ने पत्रकार एकादश को नौ विकेट से दी शिकस्त

## राधारमण ने खेली 58 रनों की आतिशि पारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 नवम्बर। एनसीएल ग्राउंड निगाही में आज दिन रविवार को पत्रकार एकादश और पुलिस टीम के बीच सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। जहां पुलिस टीम ने पत्रकार एकादश को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी है। पत्रकार टीम की ओर से राधारमण पाल ने 2 छक्के व 8 चौकों के मदद से 33 गेंदो में 58 रनों की पारी खेली।**

निगाही स्टेडियम में आज आयोजित सद्भावन क्रिकेट मैच में पुलिस टीम की ओर से कप्तान एएसपी एवं पत्रकार टीम की ओर से धनराज ज्ञानी ने नेतृत्व किया। जहां पत्रकार टीम टॉस जीत कर बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पत्रकार टीम ने 6 विकेट खो कर 15 ओव्हर में 100 रनों का टारगेट पुलिस टीम को दिया। जहां राधारमण ने शानदार 58 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरूस्कार भी मिला। पुलिस टीम की ओर से माड़ा टीआई शिवपूजन मिश्रा ने सबसे ज्यादा 22 रन खर्च कर 2 विकेट लिये। वहीं अमन वर्मा 2 विकेट हासिल किये। 100 रनों का पीछा करने उतरी पुलिस टीम ने 10 ओव्हर में आसानी से मैच 1 विकेट खो कर जीत हासिल कर लिया। पुलिस टीम की ओर से संदीप सिंह 24 गेंदो में 43 रन बनाएं। जबकि एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा आईपीएस ने 8 चौको के मदद से 45 रनों की नाबाद पारी खेली। हालांकि गौरव पाण्डेय एसडीओपी आईपीएस मोरवा को धीरेन्द्रधर ने शून्य पर बोल्ड कर दिया। बेस्ट फिल्डर का खिताब पत्रकार बृजेश शुक्ला एवं बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार टीआई शिवपूजन मिश्रा को दिया गया।

# कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने में आईसीडीएस को नहीं है दिलचस्पी

## पोषण पुनर्वास केन्द्र बैढ़न का हाल, पिछले दिनों तक नवम्बर महीने में पॉच बच्चों को कराया गया है भर्ती

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 नवम्बर। जिला मुख्यालय बैढ़न के पोषण पुनर्वास केन्द्र में कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग का अमला दिलचस्पी नही दिखा रहा है। इसी माह के पिछले दिनों केवल पॉच कुपोषित बच्चें भर्ती थे।**

गौरतलब है कि पोषण पुनर्वास केन्द्र एक सुविधा आधारित इकाई है। जहां गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को उनकी माताओं/देखभाल कर्ताओं के



साथ भर्ती कराया जाता है। उन्हें चिकित्सीय और पोषण संबंधी देखभाल प्रदान की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य कुपोषित बच्चों का इलाज और पुनर्वास करना है। यहां एक महीने से पॉच वर्ष तक के गंभीर कुपोषित बच्चों को भर्ती कराये जाने का प्रावधान है। बच्चों को डिसचार्ज होने के बाद भी नियमित रूप से फॉलोअप करना रहता है। ताकि यह सुनिश्चित करना होता है कि बच्चे स्वस्थ्य हैं। इसके अलावा उनके माता या पिता या देखभाल करने वालों को बच्चों को स्वस्थ्य और संतुलित आहार देने के तरीके भी सिखाएं जाते हैं। ताकि वे घर पर भी कुपोषण को दूर कर सके। सरकार की यह एक अहम कदम है कि कुपोषण दूर किया जा सके। परंतु महिला एवं बाल विकास विभाग का मैदानी अमला कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने में कोई विशेष दिलचस्पी नही दिखा रहा है। इसके पीछे विभाग की उदासीनता मानी जा रही है। हालांकि कलेक्टर गौरव बैनल कुपोषित बच्चों को एनआरसी में भर्ती कराने के लिए संबंधित अमले को सख्त निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार एनआरसी बैढ़न में अगस्त से लेकर अब तक भर्ती बच्चों के आंकड़ों की संख्या पर नजर दौड़ाएं तो अगस्त महीने में 40 भर्ती हुये थे। सितम्बर में 22, अक्टूबर महीने में 9 एवं वर्तमान समय में पिछले चार दिनों पूर्व तक 5 ही कुपोषित बच्चे भर्ती हुये थे। इस मामले में आईसीडीएस अमला सही जवाब नही दे रहा है। फिलहाल एनआरसी में भर्ती बच्चों की संख्या न्यून होने पर यही कहा जा रहा है कि कुपोषण से सिंगरौली मुक्त होने के कगार पर है।

# ढाबों में रहती है गंदगी, खाद्य औषधि अमला नहीं करता निरीक्षण

## शहर एवं नगर कस्बों तक विभाग की जांच है सीमित

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 नवम्बर। जिले के विभिन्न अंचलों के मुख्य सड़को के किनारे ढाबे संचालित हैं। जहां गंदगी का बोलबाला रहता है, परंतु खाद्य औषधि की नजरें इन ढाबो पर इनायत नही होती।**

दरअसल जिला मुख्यालय बैढ़न से लेकर देवसर, चितरंगी, नवानगर, जयंत, विंध्यनगर, नवजीवन बिहार, सरई, माड़ा, निगरी, निवास, कर्थुआ, जियावन, भर्रा के अलावा अन्य क्षेत्रों के मुख्य सड़क के किनारे



छोटे-बड़े ढाबे संचालित हैं। लेकिन इन कथित ढाबों में गंदगी का बोलबाला रहता है। परंतु खाद्य औषधि निरीक्षक की नजरें इन कथित ढाबो पर नही जाती, जिसके चलते ढाबा के संचालक गंदगी में ही खाना, भोजन व नास्ता परोसते रहते हैं। इतना ही नही यहां कोयले का भी इस्तेमाल होता है। जिसके धुएं से वे लोग परेशान रहते हैं। यहां बताते चले कि अधिकांश तौर पर बड़े वाहनों के चालक ज्यादा आते-जाते रहते हैं। हालांकि अन्य लोगों का भी ढाबे में आना-जाना लगा रहता है, परंतु वहां की गंदगी देखकर मुह मोड़ने लगते हैं। कई चालको ने इस ओर कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराया है।



# रेनुसागर की टीम ने 4 विकेट से जीता मैच

नवभारत न्यूज

**अनपरा 16 नवम्बर।** हिंडालको रेनुसागर प्रबंधन एवं श्रमिक संगठन रेनुसागर के बीच मैत्रीपूर्ण कैनवास क्रिकेट मैच के रोमांचक मुकाबला में श्रमिक संगठन की टीम ने चार विकेट से हिंडालको रेनुसागर प्रबंधन के टीम को पराजित कर परचम लहराया। आदित्य बिड़ला इंटर मीडिएट कॉलेज रेनुसागर के प्रांगण में हिंडालको रेनुसागर प्रबंधन एवं मान्यता प्राप्त श्रम संगठन के बीच सौहार्द एवं सहयोग की भावना को और प्रगाढ़ बनाने के लिए आज एक मैत्रीपूर्ण कैनवास क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया।

# बिलौंजी तिराहा से देवरा मोड़ तक पेवर ब्लॉक का कार्य शुरू

## नगर निगम ने शुरू कराया कार्य, जाम से मिलेगी निजात, सड़क भी दिखेगी सुन्दर

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 नवम्बर। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 42 बिलौंजी तिराहा से लेकर एलआईजी कॉलोनी तक पेवर ब्लॉक का कार्य शुरू करा दिया गया है। यह कार्य नगर निगम के द्वारा कराया जा रहा है। जहां अब वाहन चालको को जाम के झाम से भी राहत मिलेगी। साथ ही सड़क भी सुन्दर दिखेगी।**

दरअसल बिलौंजी तिराहा से लेकर देवरा मोड़ एलआईजी कॉलोनी तक सड़क सिकुड़ गई थी और आने-जाने में




वाहन चालको को काफी परेशानी भी होती थी। यहां तक की उक्त मार्ग के सड़क किनारे कई ऐसे गड्ढे भी हो गये थे, जहां वाहनों के पहिए भी कई बार गड्ढे में फंस चुके हैं। वहीं एलआईजी कॉलोनी से लेकर देवरा मोड़ तक सड़क वन-वे है। देवरा मोड़ से कॉन्वेंट स्कूल की ओर आने वाले सड़क को रहवासियों ने कब्जा कर रखा है। ननि के किसी भी अधिकारी ने अतिक्रमण को हटाने का साहस नही जुटा पाये। लेकिन अब नगर निगम उक्त मार्ग का कायाकल्प करना शुरू कर दी है। निगमायुक्त सविता प्रधान के निर्देश पर कार्यपालन यंत्री संतोष पाण्डेय के निगरानी में पेवर ब्लॉक का कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने बताया है कि बिलौंजी तिराहा के समीप से लेकर 800 मीटर दूरी एलआईजी कॉलोनी तक यह कार्य होगा। ताकि लोगों के आने-जाने में असुविधा न हो और सड़क भी साफ, स्वच्छ व सुन्दर दिखे। जिसका कार्य चल भी रहा है और ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया है।

# एनटीपीसी विंध्याचल में इंद्रधनुष मेला का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**विंध्यनगर 16 नवम्बर। सुहासिनी संघ के प्रमुख वार्षिक आयोजन इंद्रधनुष मेला का शुभारंभ 15 नवंबर को क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक एवं कार्यकारी निदेशक गौतम देव तथा बिपाशा देव अध्यक्षा उत्तरा महिला क्लब द्वारा किया गया।**

सपने साथ रंग के थीम पर आधारित इस रंगारंग मेले ने विंध्यनगर टाउनशिप को एक जीवंत कैनवास में बदल दिया, जिसमें संस्कृति, सामुदायिक सहभागिता और सतत विकास का सुंदर संगम देखने को मिला। इस कार्यक्रम का आयोजन संजीब कुमार साहा



परियोजना के दूरदर्शी नेतृत्व तथा सुहासिनी संघ की अध्यक्षा चित्रलेखा साहा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में अनिल श्रीवास्तव कार्यकारी निदेशक, संदीप नाइक, संजय असाटी मुख्य महाप्रबंधक सहित रिहंद व सिंगरौली की लेडीज क्लब्स की वरिष्ठ पदाधिकारीगण मौजूद रहे। मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अन्य अतिथियों ने गेम्स एवं पीएंडएस सहित विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया, जो समुदाय की रचनात्मकता और उत्साह को दर्शाते थे।

# विस देवसर में एसआईआर का कार्य जारी

नवभारत न्यूज

**सरई 16 नवम्बर।** विधानसभा 81 देवसर क्षेत्र में आज दिन रविवार को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एके सिंह और सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चन्द्रशेखर मिश्रा तहसीलदार सरई द्वारा आज मतदान केंद्र देवसर, गन्नई, सरई, बरका, पुरैल, हट्टा, समुद, भिखाझरिया, गजराबहरा, बकहुल, जमगाड़ी, खड़ीटोला एवं अन्य मतदान केन्द्रो का लगातार भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्रामीण जनों को गणना प्रपत्र जो प्रदाय किए गए थे, उनका एकत्रीकरण किया गया तथा डिजिटाइजेशन की कार्यवाही की गई। तहसीलदार सरई द्वारा सभी से अपील की गई की आपके घर पर



आपके क्षेत्र के बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर आएंगे, आप गणना प्रपत्र प्राप्त करें, उससे संबंधित जानकारी भरे और फिर बीएलओ को उपलब्ध करादें। अपना नवीनतम फोटोग्राफ गणना प्रपत्र में लगावें अथवा मौके से साफ स्वच्छ फोटो ऑनलाइन ही खींचकर अद्यतन करावें।

# गांवों में पानी की तरह जगह-जगह बिकने लगी है देशी-विदेशी शराब

## जिला आबकारी के साथ-साथ पुलिस अमले का शराब कारोबारियों को मिला है संरक्षण, कई शराब दुकानों में रेट सूची भी नहीं

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 16 नवम्बर। जिले के कई गांवों के किराना दुकान व ढाबों में धड़ल्ले के साथ देशी-विदेशी शराब की बिक्री की जा रही है। आरोप है कि आबकारी अधिकारी एवं पुलिस का संरक्षण है। सबसे ज्यादा इन दिनों कर्थुआ एवं देवसर इलाका चर्चाओं में है।**

दरअसल जिले में अवैध शराब की बिक्री कोई नई बात नही है। लेकिन इन दिनों आबकारी एवं पुलिस के संरक्षण में शराब का अवैध कारोबार काफी जोर पकड़ा हुआ है। जिला मुख्यालय बैढ़न के कई बस्तियों में धड़ल्ले के साथ पैकारी चलाकर शराब परोसी जा रही है। जबकि वर्ष 2022-23 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पैकारी पर रोक लगा दिया था। परंतु इसका पालन जिले में कहीं नही हो रहा है। आलम यह है कि शराब ठेकेदारों के इशारे पर पैकारी चल रही है। जिसके बारे में आबकारी एवं पुलिस भलीभांति जानते हुये ऑख बंद कर ले रही



है। आरोप तो यहां तक है कि कई शराब दुकानों में शराब की रेट सूची भी नही लगी हैं। जबकि रेट सूची चस्पा कराने का जिम्मा आबकारी अमले को है। परंतु आबकारी अमला सरकारी शराब दुकानों के ठेकेदारों पर मेहरवान है। जिसके चलते यहां महंगे दामों पर प्रिंट रेट से ज्यादा शराब की बिक्री कर राशि वसूली जा रही है। हालांकि शराब के आदी शराब खरीदते वक्त दुकानदारों से थोड़ा बहुत नोकझोक रेट को लेकर करते हैं। लेकिन जब ठेकेदार का स्टाफ देने से मना करने लगता है तो मजबूर होकर ग्राहक महंगे दाम शराब खरीदते हैं। इतना ही नही गांवों में सप्लाई भी जोर शोर के साथ किया जा रहा है। कई बार वीडियों भी वायरल हुआ, परंतु आबकारी अमला एवं ठेकेदारों पर कोई इसका असर नही पड़ रहा है। जिसके चलते क्षेत्र में शराब की अवैध बिक्री ने जोर पकड़ा हुआ है।

### कर्थुआ एवं देवसर क्षेत्र के ढाबों में खप रही शराब



देवसर एवं कर्थुआ क्षेत्र में कई ऐसे नामजादिक एवं चर्चित ढाबा हैं, जहां बड़े आसानी से देशी-विदेशी शराब मिल जाती है। हालांकि ढाबा संचालक कीमत ज्यादा वसूलते हैं। बताया जाता है कि यहां के ढाबो में ठेकेदार भरपूर मात्रा में देशी-विदेशी शराब खपा रहा है और शराब पीने वाले बड़े शौक के साथ जाम लड़ाते हैं। चर्चा यह भी है कि कर्थुआ क्षेत्र में चितरंगी पुलिस का भरपूर दबदबा है। जहां शराब ठेकेदार मेल मुलाकात भी करता रहता है। देवसर एवं कर्थुआ में एक आबकारी निरीक्षक के एक रिश्तेदार की दुकानें हैं, जिनके संरक्षण में अवैध शराब की बिक्री की जा रही है। फिर भी आबकारी एवं पुलिस महकमा अनजान हैं।